दिन–सोमवार दिनांक– 26/08/2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा है कि जी.ई.एम, यू.पी.आई और यू.एल.आई की नई तिकडी भारत के डिजिटल भुगतान में एक क्रांतिकारी कदम है। श्री दास ने बेंगलुरु में एक सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कहा कि रिजर्व बैंक द्वारा प्रवर्तित यूनिफाइड लेंडिंग इंटरफेस–यूएलआई प्लेटफॉर्म भारत में ऋण प्रक्रिया को सरल बनाएगा। उन्होंने कहा कि डिजिटल भुगतान की मौजूदा व्यवस्था से धन का त्वरित और सुरक्षित हस्तांतरण होता है। श्री दास ने कहा कि यूएलआई को जल्द ही पूरे देश में लागू किया जाएगा।

———————————————————————

गया जिले के बंधुआ मानपुर डेडीकेटेड फ्रेट कॉरीडॉर रेल लाईन पर रसलपुर गुमटी के पास आज एक मालगाड़ी के बारह डिब्बें पटरी से उतर गए। इस घटना के बाद रेलवे गुमटी के दोनों ओर यातायात बाधित हो गया है। इस डेडीकेटेड रेल लाईन पर सिर्फ मालगाड़ी का परिचालन होता है। घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

———————————————————————

मधुबनी के जयनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत बरही गांव में बछराजा नदी में स्नान के दौरान दो युवतियां डूब गई। एक युवती का शव बरामद किया गया है। जबकि दूसरे की तलाश जारी है। इधर, गोपालगंज जिले के बैकुंठपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत मुंजा बोल्डर के पास गंडक नदी में स्नान करने के दौरान चार युवक डूब गये। सदर एसडीएम प्रदीप कुमार ने बताया कि एसडीआरएफ की मदद से इनकी खोजबीन की जा रही है। वहीं, बेगूसराय जिले के मटिहानी थाना क्षेत्र अंतर्गत लवहरचक गांव में एक जलाशय में सेना में कार्यरत एक जवान की डूब कर मौत हो जाने की आशंका है। गोताखोरों की मदद से उसकी तलाश की जा रही है।

———————————————————————

प्रदेश के विभिन्न भागों में मॉनसून की गतिविधि कमजोर बनी हुई है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार औरंगाबाद, रोहतास, भभुआ समेत राज्य के दक्षिणी भागों में कुछ स्थानों को छोड़कर अधिकतर भागों में मौसम शुष्क बना रहा। घंटों के दौरान सबसे अधिक तिरपन मिलीमीटर वर्षा औरंगाबाद में दर्ज की गई है। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि आज बांका, जमुई, औरंगाबाद, गया, भागलपुर, मुंगेर और नवादा जिलों में भारी वर्षा की संभावना है।

———————————————————————

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का त्योहार प्रदेश के विभिन्न भागों में पारंपरिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। राजधानी पटना स्थित इस्कॉन मंदिर समेत विभिन्न कृष्ण मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ देखी जा रही है। रात्रि बारह बजे मंदिरों में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का आयोजन किया जायेगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोगों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी प्रदेशवासियों को बधाई दी है। राज्यपाल ने अपने संदेश में कहा है कि श्रीमद् भगवत गीता का उपदेश जीवन प्रबंधन का महानतम् दर्शन है और हमे इसका अनुसरण करने का हर संभव प्रयास करना चाहिए। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा है कि इस अवसर पर लोग श्रीकृष्ण के आदर्शों और उनके कर्मयोग के उपदेश को आत्मसात करने का संकल्प लेते हैं।

———————————————————————

ईमाम हुसैन और उनके बहत्तर साथियों की शहादत की याद में आज चेहल्लुम पूरी श्रद्धा और पारम्परिक विश्वास के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर राजधानी पटना समेत प्रदेश के विभिन्न भागों में ताजिया और मातमी जुलूस निकाले जा रहे हैं। पटना सिटी में अकीदतमंदो ने अलम जुलूस निकाला और शहादत को याद किया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने हजरत ईमान हुसैन और करबला के शहीदों को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी है।

———————————————————————————

शेखपुरा जिले के सिरारी थाना क्षेत्र अंतर्गत पैगम्बरपुर गांव में हाइटेंशन तार की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई।

———————————————————————————

पश्चिम चंपारण में नरकटियागंज के शिकारपुर में फर्जी आंगनबाड़ी केन्द्र चलाकर महिलाओं के साथ ठकी करने वाले एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

———————————————————————————

गया जिले के वजीरगंज में एसटीएफ और स्थानीय पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई कर दो हथियार तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। है।

———————————————————————————

समाप्त